रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के परिसर से लगा हुआ स्कूल डुमरतालाब रायपुर में स्थित है। जहां से इसका भतीजा शिवांक तिवारी कक्षा 1 से 10 तक शिक्षा ग्रहण किया है तथा दूसरा भतीजा सुभांग तिवारी सन् 2007–08 से अध्ययनरत है तथा इसकी पुत्री आर्ची तिवारी सन् 2012–13 से वादी द्वारा संचालित स्कूल में अध्ययनरत् है तथा वादी द्वारा संचालित स्कूल में आने जाने का रास्ता प्रतिवादी पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के परिसर से होते हुए एक रास्ता है उसी रास्ते से शुरू से बच्चें एवं पालक तथा शिक्षक आना जाना करते है तथा अन्य कोई रास्ता आने जाने के लिए नही है।

15– इस साक्षी ने अपने प्रतिपरीक्षण में यह सही होना कहा है कि वादी संस्थान का यह संचालक नहीं है। यह भी सही होना कहा है कि वादी संस्थान में इसके भतीजे एवं पुत्री के शिक्षण प्राप्त करने के संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया है।

16– इस प्रकार इस साक्षी के प्रतिपरीक्षण में आये स्वीकाराक्तियों से यह भली भांति स्पष्ट है कि वादी संस्था एवं प्रतिवादी संस्था के मध्य वादी संस्था रेडियंट वेय स्कूल पहूंचने हेतु पहूंच मार्ग के संबंध में वादी संस्था का पतिवादी संस्था के साथ रास्ते के उपयोग, उपभोग के संबंध में कोई संविदा नहीं हुआ है हालांकि वादी संस्था द्वारा प्रतिवादी संस्था को कुछ अंशराशि अदा की गई है जो कि वादी द्वारा स्वयं यह स्वीकार की गई है कि उक्त राशि रास्ते के उपभोग, उपयोग किये जाने के फलस्वरूप जो मार्ग में छति कारित हुआ था उसके मरम्मत हेतु दिया गया था। वादी द्वारा यह दावा किया गया है कि

(शातनु कुमार देशलहरे)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग–एक
रायपुर (छ.ग.)

CANCELLED

प्रतिवादी संस्था के साथ उसका विवादित मार्ग के उपयोग, उपभोग हेतु संविदा हुआ था, किन्तु ऐसी कोई संविदा वादी द्वारा अपने कथनों के समर्थन में प्रकरण में प्रस्तुत नही किया गया है, जिससे यह प्रमाणित नही होता है कि प्रतिवादी संस्थान से मार्ग के उपयोग हेतु उनका संविदा हुआ है। वादी द्वारा यह भी स्वीकार किया गया है कि विवादित मार्ग के अतिरिक्त उनके स्कूल के तीन अनय दिशाओं में क्या अवस्थित है वादपत्र के साथ संलग्न नक्शे में नही दर्शाया गया है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि वादी जानबूझकर तथ्यों को छुपाया है। वादी संस्थान मे पहूंचने हेतु अन्य कोई मार्ग नहीं है ऐसा वाद पत्र एवं संलग्न नक्शे से दर्शित नही होता है। वादी ने यह भी स्वीकार किया है कि उसके संस्थान के करीब ही कांगेर वैली नामक शिक्षण संस्थान संचालित है जहां पर मोहबा बजार चौक से डुमरतालाब आमानाका थाना होते हुए पहूंच मार्ग है। ऐसी स्थिति में वादी संस्थान के द्वारा भी उक्त पहूंच मार्ग से आवागमन किया जा सकता है। प्रतिवादी शासकीय शिक्षण संस्था है तथा उनके द्वारा अपनी परिसीम के भीतर सुरक्षा हेतु दिवाल का निर्माण किया गया है। चुंकि वादी एवं प्रतिवादीगण के मध्य विवादित मार्ग के उपयोग के संबंध मे किसी भी प्रकार की संविदा को वादी द्वारा प्रमाणित नही किया जा सका है ऐसी स्थिति में इस वाद प्रश्न का निष्कर्ष नकारात्मक ''नहीं'' में दिया जाता है।

<u>वादप्रश्न क्र0–2</u>

17– चूंकि पूर्व वादप्रश्न की विवेचना में यह भली भांति स्पष्ट हो चुका है कि वादग्रस्त रास्तो प्रतिवादी संस्थान

विश्वविद्यालय की संपत्ति है तथा उसमें अवस्थित रास्ते का उपयोग वादी संस्थान द्वारा किया जा रहा है किन्तु वादग्रस्त संस्था आम रास्त है इस संबंध में वादी द्वारा कोई मौखिक अथवा दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया जा सका है। ऐसी स्थिति में यह नहीं कहां जा सकता कि वादग्रस्त आम रास्ता है तथा किसी भी संविदा के अभाव में व्यक्तिगत संपत्ति पर किसी अन्य का कोई अधिकार सृजित नही हो जाता। फलस्वरूप इस वाद प्रश्न का निष्कर्ष नकारात्मक ''नहीं'' में दिया जाता है।

वादप्रश्न क0–3 एवं 4

18– वादग्रस्त संस्थान के संबंध में वादी संस्थान का कोई हक अथवां स्वामित्व प्रमाणित नहीं हुआ है। वादी संस्थान द्वारा वादग्रस्त मार्ग का प्रयोग किया जा रहा था किन्तु इस संबंध कोई संविदा की चिरकाल तक वादी संस्थान मार्ग का प्रयोग करेगा नही हुआ है। प्रतिवादी संस्थान द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि पर दिवाल का निर्माण कराया जा रहा है। ऐसी स्थिति में वादी स्थाई निषेधाज्ञा प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है। चूंकि प्रतिवादीगण द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि पर दिवाल निर्माण कराया जा रहा है। फलस्वरूप वादी संस्थान प्रतिवादीगण से किसी भी प्रकार से व्यय प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है।

सहायता एवं व्यय

19– वादी अपना वाद दस्तावेजी एवं मौखिक साक्ष्य से प्रमाणित करने में असफल रहा है। अतः वादी इस न्यायालय से किसी भी प्रकार

(शातनु कुमार देशलहरे)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग–एक
रायपुर (छ.ग.)

CANCELLED
दो रुपये TWO RUPEES FOR COPYING FEES ONLY
दो रुपये TWO RUPEES FOR COPYING FEES ONLY

से कोई सहायता प्राप्त करने को अधिकारी नही है। वादी द्वारा प्रस्तुत वाद खारिज किया जाता हैं।

वादी स्वयं का एवं प्रतिवादीगण का वाद व्यय वहन करेगा। अधिवक्ता शुल्क प्रमाणित होने पर अथवा अनुसूची अनुसार जो भी न्यून हो देय होगा।

20– उपरोक्तानुसार डिक्री बनाई जाये।

निर्णय दिनॉकित व हस्ता0 कर घोषित किया गया।

15-7-16

(शांतनु कुमार देशलहरे)

द्वतीय व्यवहार न्याया0 वर्ग–1

रायपुर (छ0ग0)

मेरे निर्देश पर टंकित किया गया।

15-7-16

(शांतनु कुमार देशलहरे)

द्वतीय व्यवहार न्याया0 वर्ग–1

रायपुर (छ0ग0)

स्थान– रायपुर

दिनॉक–15.07.2016

.....0000000000.....

द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 रायपुर. (छ.ग.)

Ex CA No. 11465/16, डिक्री की प्रमाणित प्रति

II-302
C J.(E)

DECREE IN ORIGINAL SUIT

(Code of Civil Procedure 1908, Order xx Rules 6 and 7)

(व्यवहार वाद) Civil Suit No --- of ----24 A/2011

THE COURT OF द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-एक
रायपुर (छ.ग.)

श्री मंगल दूबे मेमोरियल एजुकेशन सोसायटी सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1972 के अंतर्गत एक पंजीकृत सोसायटी द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि ... उम्र 35 वर्ष पंजीकृत कार्यालय-6 ... कालोनी ... रायपुर (छ.ग.)

//विरुद्ध//

① पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय अधिनियम के अंतर्गत स्थापित एवं शैक्षणिक संस्था द्वारा कुलपति ... चतुर्वेदी पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर रायपुर (छ.ग.)
② कुलसचिव पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय पता विश्वविद्यालय परिसर रायपुर (छ.ग.)
③ ... विभाग पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ... पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ... विभाग पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर रायपुर (छ.ग.)

Claim for - दावा वास्ते स्थायी निषेधाज्ञा कीमती - 30,500/-

The suit coming on this day for final disposal before me in the presence (for the plaintiff), श्री - ओ.पी. ... अधिवक्ता

.(for the defendent) श्री शशिकांत तिवारी अधिवक्ता।

<u>In is ordered and decreed that :-</u>

1- वादी द्वारा प्रस्तुत वाद खारिज किया जाता है।

② वादी स्वयं का एवं प्रतिवादीगण का वाद व्यय वहन करेगा।

③ अधिवक्ता शुल्क प्रमाणित प्रमाणित होने पर अथवा अनुसूची अनुसार जो भी न्यून हो देय होगा।

प्रतिलिपित that the sum of Rs xx / defedent be paid by the ----- -- plaintiff

to the ----------- defedent / plaintiff

on acc0unt of costs of this suit with interest thereon at the rate percent par annum from this date of realization

Given under my hand the seal of the Court this 18-7-2016 day of 2016

(शातनु कुमार देशलहरे)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग–एक
रायपुर (छ.ग.)

COSTS OF SUIT

S No	Plaitiff	Rs	P.	Defendant	Rs	P.
01	Stamp for plaint	3600	00	Counter Claim	—	--
02	Stamp for appication & affidavit	45	00	Stamp for appication & affidavit	05	00
03	Stamp for Powar	05	00	Stamp for Powar	25	00
04	Stamp for exhibit	—	--	Stamp for exhibit	—	--
05	Pleader's fees (पेश नहीं)	—	--	Pleader's fees (पेश नही)	—	--
06	Subsistence or witnesses	—	--	Subsistence for witnesses	—	--
07	Commissioner's fee	—	--	Commissioner's fee	—	
08	process Service of process	10	00	Service of process		
	Total	3660	00	Total	30	00

(अक्षरी– तीन हजार छः सौ साठ) (अक्षरी– तीस रुपये)

सत्य-प्रतिलिपि
प्रतिलिपिकार,
कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
रायपुर (छ.ग.)

(शातनु कुमार देशलहरे)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग–एक


19/7/16
27/7/16
(2) Applicant told to appear on
22/7/16
(3) Applicant appeared on
19/7/16
(4) Application (with or without
further or correct particulars)
sent to Record Room on
22/7/16
(5) Application received from
Room (with record or without
record or without record for
further or correct particulars) on
(6) Applicant given notice for
further or correct particulars on
(7) Applicant given notice for
further funds on
(8) Notice column 6 or 7
with on
22/7/16
(9) Copy ready on
22/7/16
(10) Copy delivered on

Ex CA NO. ~~11464/15~~, CA NO. 11384/16 सत्यप्रतिलिपि प्र०क्र०. 05A/16 पेशी ति०. 25/07/16
न्याया० :- श्रीमान उत्तरा कुमार कश्यप षष्ठम अपर जिला न्यायाधीश रायपुर (छ०ग०)
पक्षकार :- श्री समीर दुबे पिता स्व० संतोष कुमार दुबे संचालक मंगल दुबे मेमोरियल एजुकेशन सोसायटी आमानाका के पीछे, डूमरतालाब, रायपुर निवासी डूंगा जी कालोनी, रायपुर तह० व जिला रायपुर छ०ग० विरूद्ध - ① पं० रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा कुल सचिव रविशंकर विश्वविद्यालय परिसर जी०ई० रोड, रायपुर तह० व जिला रायपुर छ०ग० ② छ० ग० शासन द्वारा जिलाधीश रायपुर छ० ग०

न्यायालय षष्ठम अति. जिला न्यायाधीश, रायपुर (छत्तीसगढ़)
(पीठासीन अधिकारी – उत्तरा कुमार कश्यप)

व्यवहार वाद क0–05ए/2016
संस्थापन दिनॉक 12.01.2016

श्री समीर दुबे उम्र 43 साल, पिता स्व.
श्री संतोष कुमार दुबे,संचालक,मंगल दुबे
मेमोरियल एजुकेशन सोसायटी,आमानांका
के पीछे डूमरतालाब,रायपुर,निवासी डूंगा जी
कॉलोनी,रायपुर,तहसील वो जिला रायपुर ।

----- वादी

// विरूद्ध //

(1) पं0 रविशकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर
द्वारा कुल सचिव,रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय
जी.ई रोड रायपुर तहसील वो जिला रायपुर,छ.ग.
(2) छ.ग.शासन द्वारा कलेक्टर,रायपुर,छत्तीसगढ

----- प्रतिवादीगण

वादी द्वारा श्री ओ.पी.निर्मलकर, अधिवक्ता।
प्रतिवादीगण कमाक एक की ओर से श्री राजेश पांडे अधिवक्ता।
प्रतिवादी कमांक दो, अनुपस्थित । एकपक्षीय।

// आ दे श //

(आज दिनांक 18जुलाई,2016 को पारित किया गया)

FOR COPYING FEES ONLY
FOR COPYING FEES ONLY

(1) इस आदेश के जरिये वादी की ओर से दिनॉक 22/06/16 को प्रस्तुत आवेदन पत्र अन्तर्गत आदेश 39 नियम 01 एवं 02 सहपठित धारा 151 व्यवहार प्रकिया सॅहिता पर आदेश किया जा रहा है।

(2) संक्षेप में वादी का वाद इस प्रकार है कि वादी पक्ष की ओर से एक व्यवहार वाद वादग्रस्त भूमि खसरा नम्बर 499 का भाग रकबा 0.348 हे. मौजा डूमरतालाब रायपुर,पटवारी हल्का नम्बर 104 तहसील वो जिला रायपुर

का भूमिस्वामी एवं आधिपत्यधारी होने तथा उक्त भूमि पर प्रतिवादी कमांक 01 अथवा उसके द्वारा अधिकृत व्यक्तियों के द्वारा वादी की ओर से किये जा रहे निर्माण कार्य में किसी प्रकार का कोई हस्ताक्षेप करने ,वादग्रस्त भूमि पर भविष्य में कभी भी वादी के उपयोग व उपभोग में हस्ताक्षेप एवं व्यवधान प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से करने से निषेधित किये जाने बाबत स्थायी निषेधाज्ञा का व्यादेश जारी करने के अनुतोष बाबत प्रस्तुत किया है।

(3) वादपत्र के साथ एक आवेदन अन्तर्गत आदेश 39 नियम 01 एवं 02 सहपठित धारा 151 व्यवहार प्रक्रिया सॅहिता दिनॉक 22/06/16 को प्रस्तुत करते हुये व्यक्त किया गया है कि वादी कंडिका एक में वर्णित भूमि का स्वामी एवं आधिपत्यधारी है । उक्त भूमि को वादी के द्वारा पंजीकृत बैनामा के माध्यम से दिनॉक 13/9/2000 को मूल भूमि स्वामी फूलबाई बेवा मेगी निवासी डूमर तालाब,रायपुर तहसील वो जिला रायपुर से क्रय कर उस दाखिल काबिज रहा है। वादी द्वारा अपने स्वामित्व व आधीपत्य की उक्त भूमि पर अतिरिक्त कमरा की आवश्यकता होने पर स्कुल संचालन के लिये भवन निर्माण किया जा रहा है जिस पर प्रतिवादी कमांक 01 के द्वारा उक्त निर्माण कार्य में हस्ताक्षेप कर बाधीत करने का प्रयास किया जा रहा है तथा कार्य रोके जाने के संबंध में उसके द्वारा दिनॉक 26/12/2015 को पत्र प्रेषित किया गया है । वादी अपने भी भूमि पर शांतीपूर्ण तरीक से बिना किसी अतिक्रमण के निर्माण कार्य कर रहा है जिसमें प्रतिवादी कमांक 01 द्वारा रूकावट पैदा किया जा रहा है। वादी द्वारा उक्त भूमि क्रय कर दाखिल व काबिज है अतः प्रथमदृष्टया प्रकरण उसके पक्ष में है । उक्त भूमि पर उसके द्वारा शैक्षणीक कार्य किया जाता है जिसके लिये बच्चों की भर्ती प्रक्रिया भी प्रारभ की जा चुकी है,शैक्षणीक कार्य एवं भवन निर्माण कार्य प्रभावित होने से उसे अपूर्णीय क्षति होगी जिसके लिये सुविधा का सन्तुलन भी उसके ही पक्ष में है। अतः वादी की ओर से प्रस्तुत आवेदन अन्तर्गत आदेश 39 नियम 1 व 2 सहपठित धारा 151 व्यवहार प्रक्रिया सहिता स्वीकार कर प्रतिवादी पक्ष कमांक 01 को स्वयं अथवा किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से हस्ताक्षप करने से निषेधित किये जाने बाबत स्थायी निषेधाज्ञा का व्यादेश जारी किया जावे ।

(4) इस प्रकरण में प्रतिवादी कमांक 02 की अनुपस्थिति पर उसके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की गयी है। प्रतिवादी कमांक02 की ओर से वादी की ओर से प्रस्तुत उक्त आवेदन का जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है।

(5) प्रतिवादी कमांक 01 की ओर से वादी के उक्त आवेदन में उल्लेखित समस्त तथ्यों से इन्कार करते हुये जवाब में अभिवचन किया गया है कि वादी द्वारा खसरा नम्बर 499 का भाग रकबा 0.348 हे0 जिस भूमि को अपने स्वामित्व व आधिपत्य का होना दर्शित किया गया है कि उक्त भूमि को छत्तीसगढ शासन द्वारा नियुक्त सक्षम भू अर्जन अधिकारी द्वारा विश्वविद्यालय के पक्ष में विधिवत अर्जित किया गया है । उक्त भूमि के एवज में भू अर्जन अधिकारी द्वारा पारित अवार्ड पत्रक में निर्धारित मुआवजा राशि का भुगतान भी प्रतिवादी विश्वविद्यालय द्वारा अदा किया जा चूका है। वादी, प्रतिवादी विश्वविद्यालय को शासन द्वारा विधिवत अधिग्रहित कर प्रदान की गई भूमि को कय दस्तावेज के आधार पर अपने स्वामित्व व आधिपत्य का होना विधि विरूद्ध ढंग से व्यक्त कर रहा है,जो विधि की दृष्टिकोण से न्यायोचित नही है। वादी द्वारा विश्वविद्यालय को प्राप्त अधिग्रहित भूमि पर अवैध एवं अनैतिक ढंग से निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसे तत्काल रोकने की जरूरत है। प्रतिवादी विश्वविद्यालय द्वारा उक्त स्थगन आवेदन के संदर्भ में तहसीलदार रायपुर द्वारा हल्का पटवारी का प्रतिवेदन आहूत किया गया था जिसमें वादी द्वारा विश्वविद्यालय की भूमि पर अतिक्रमण व अवैध निर्माण कार्य किया जाना प्रतिवेदित किया गया है। वादी के पक्ष में न तो प्रथमदृष्टया प्रकरण है और न ही सुविधा का संतुलन अथवा अपूर्णीय क्षति का प्रश्न उसके पक्ष में अभिदर्शित है। अतः वादी की ओर से उपरोक्त प्रस्तुत आवेदन तथ्य तथा विधि के विपरीत होने से निरस्त किया जाये।

(6) उभय पक्षों की ओर से प्रस्तुत आवेदन एवं जवाब के परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत दस्तावेज एवं अभिलेख में संकलित सामाग्रियों का परिशीलन किया गया तथा उभय पक्षों का तर्क सुना गया ।

(7) वादी की ओर से प्रस्तुत आवेदन एवं प्रतिवादी क्रमांक 01 की ओर से खंडन स्वरूप प्रस्तुत जवाब पर उदभुत विनिश्चयार्थ प्रश्नों के निराकरण के लिये आवश्यक तत्व प्रथम दृष्टया प्रकरण, सुविधा का सन्तुलन एवं अपूर्णीय क्षति के बिन्दूओं पर सारभूत रूपों में निकर्षित किया जाना न्यायोचित होगा इसके अलावा साम्या के सिद्धांत को भी विचार में लिया जाना आवेदन के निराकरण के लिये एक सार्गर्भित तथ्यात्मक एवं उपयोगी विषयवस्तु होगा ।वादी की ओर से जिसं विनिश्चयार्थ तत्व जिसके आधार पर वाद प्रस्तुत किया गया है,वह वाद के गुणदोष पर उभय पक्षों के अभिसाक्ष्य एवं सुसंगत सारभूत दस्तावेजों के अभिप्रमाणान हेतु पर अंतिम निर्वतन पर अवधारित है। क्योंकि वादी द्वारा वादग्रस्त भूमि को विक्रय विलेख दिनॉक 4/12/2000 निष्पादित करते हुये मूल भूमि स्वामिनी फूलबाई पति मेगी निवासी, डूमर तालाब रायपुर से क्रय कर उप पंजीयक कार्यालय रायपुर में विधिवत ग्रंथ क्रमांक 24886 दस्तावेज क्रमॉक 3682 के पेज नम्बर 15 से 21 में दर्ज कराना बताया है। उक्त दस्तावेज की सत्यता को नकारा नहीं जा सकता ,परन्तु वादी पक्ष की ओर से उक्त वादग्रस्त भूमि को क्रय करने के बाद विक्रेता फूलबाई का नाम राजस्व अभिलेख में विलोपित कर भूमि स्वामी के रूप में अपना नाम दर्ज कराते हुये नामांतरण कार्यवाही की गयी हो,के संबध में कोई सारभूत दस्तावेज पेश नहीं किया गया है। इसके विपरीत प्रतिवादी पक्ष की ओर से प्रस्तुत दस्तावेज छत्तीसगढ शासन,राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय रायपुर द्वारा जारी पत्र दिनॉक 30/11/2007 जिसमें कि भूअर्जन प्रकरण क्रमांक 07/अ/82 वर्ष 2005 –06 ग्राम डूमरतलाब पटवारी हल्का नम्बर 104 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर तहसील वो जिला रायपुर का अवार्ड प्रकरण के निराकरण के संबंध में दिये गये आदेश की प्रति तथा न्यायालय भू अर्जन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी रायपुर द्वारा भू अर्जन प्रकरण क्रमांक 07–अ–82 वर्ष 2005 –2006 ग्राम डूमरतलाब पटवारी हल्का नम्बर 104 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर में वादग्रस्त भूमि को राज्य शासन द्वारा अधिग्रहित करते हुये अधिग्रहित सरल क्रमांक (47)–फूलबाई बेवा भंगी, अर्जित खसरा नम्बर 499 रकबा 0.348 कुल मुआवजा राशि रूपये 10,38,972–00 भुगतान किया जाना उल्लेखित है। अधिग्रहण एवं मुआवजा राशि भुगतान किये जाने के बाद किश्तबंदी खतौनी (आसामीवार) फार्म नम्बर–01–वर्ष 201–12 में उक्त भूमि को

शासकीय भूमि होना अंकित किया गया है। उक्त हल्का के पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक द्वारा तहसीलदार रायपुर को प्रेषित सीमाकंन प्रतिवेदन में खसरा नम्बर 499 रकबा 0.348 हे0 को रविशंकर विश्वविद्यालय के नाम पर दर्ज होना अभिकथित किया गया है। इससे स्पष्ट विदित होता है कि वादग्रस्त भूमि को छत्तीसगढ शासन द्वारा भू अर्जन के तहत मुआवजा राशि पूर्व स्वामिनी फूलाबाई को प्रदान कर पं0 रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर को वैष्ठीत किया था जिसके आधार पर उक्त भूमि प्रतिवादी क्रमांक 01 के स्वामित्व एवं आधित्पय की हुई । वादी द्वारा वादग्रस्त भूमि विक्रेता फूलबाई से दिनॉक 4/12/2000 को मूल्य अदा करते हुये क्रय किया गया है और क्रय किये जाने के बाद उक्त भूमि पर वह दाखिल काबिज होना अभिकथित किया है ,परन्तु राजस्व अभिलेखों में इस बाबत कोई सारवान तथ्य दर्शित होना अभिप्रमाणित नही होता अतः फूलबाई एवं वादी के मध्य वादग्रस्त भूमि के क्रय–विक्रय किये जाने एवं पश्चात में वादी द्वारा उक्त भूमि पर भू स्वामी के रूप में निर्माण कार्य प्रारंभ किये जाने पर विवाद की स्थिति निर्मित हुई है,जिसके आधार पर वादी द्वारा कंडिका एक में चाहे गये अनुतोष के लिये वाद पेश किया है और उसके द्वारा चाहे जा रहे अनुतोष के संबंध में उसे प्रारंभिक तौर पर खारिज नहीं किया जाना चाहिये । अतः वाद के संस्थापना के लिये प्रथमदृष्टया प्रकरण वादी के पक्ष में होना अभि–प्रमाणित होता है,परन्तु जहॉ तक सुविधा का सन्तुलन एवं अपूर्णीय क्षति का प्रश्न है, छ0ग0शासन द्वारा वादग्रस्त भूमि के संबंध में अधिग्रहण पर मुआवजा राशि का भुगतान किये जाने के बाद उक्त भूमि को अधिग्रहित कर पं0रविशकर शुक्ला विश्वविद्यालय रायपुर को सौपा गया है,जिस पर यदि वादी द्वारा निर्माण कार्य कर दिया जाता है तो शासन द्वारा जिस बहुयामी उददेश्य से विश्वविद्यालय में अध्ययन करने वाले छात्रों के हित संवर्धन के लिये अधिग्रहित किया गया है,उसमें अनावश्यक रूकावट होगी एवं वाद बाहुल्यता में वृद्धि होगी । अतः सुविधा का सन्तुलन एवं अपूर्णीय क्षति का प्रश्न वादी के पक्ष में अधिरोपित नहीं किया जा सकता । जहॉ तक साम्या के सिद्धांत का प्रश्न है, विधि में यह सुस्थापित सिद्धांत है कि न्याय मांगने वाले को स्वच्छय हांथो से आना चाहिये ,जिसका कि सर्वथा अभाव वादी पक्ष में दिखाई देता है। वादी को सर्वप्रथम उसके द्वारा क्रय की गयी भूमि को राज्य शासन द्वारा अधिग्रहित किये जाने पर उसे अधिग्रहण से मुक्त किये जाने के संबंध में विधि

CANCELLED
FOR COPYING FEES ONLY
CANCELLED
FOR COPYING FEES ONLY

अनुरूप प्रक्रियाधीन होना चाहिये था,ऐसा नहीं है कि वह इन सब बातों से अनभिज्ञ रहा होगा,क्योंकि राज्य शासन द्वारा किसी भी भूमि के अधिग्रहण पर समाचार पत्रों में इश्तहार प्रकाशन किया जाता है तथा दावा आपत्तियॉ ली जाती है। वादी ,तहसीलदार रायपुर के न्यायालय में सीमाकंन एवं अन्य प्रक्रियाओं पर उपस्थित रहा है,जिससे उसकी इस बाबत अनुभिज्ञता रही हो,स्वीकार नहीं किया जा सकता ।

अतः उपरोक्त सम्पूर्ण विवेचित परिस्थितियों में वादी की ओर से प्रस्तुत आवेदन अन्तर्गत आदेश 39 नियम 1 व 2 सहपठित धारा 151 सारहीन होने से निरस्त किया जाता है।

18.7.16

(उत्तरा कुमार कश्यप)
षष्ठम अति.जिला न्यायाधीश,रायपुर.
छ.ग.

रायपुर,दिनाक
18 जुलाई,2016



Jayant Vishnu Narlikar

Jayant Narlikar was born on July 19, 1938 in Kolhapur, Maharashtra and received his early education in the campus of Banaras Hindu University (BHU), where his father Vishnu Vasudeva Narlikar was Professor and Head of the Mathematics Department. His mother Sumati Narlikar was a Sanskrit scholar. After a brilliant career in school and college, Narlikar got his B.Sc. degree in 1957. He went to Cambridge for higher studies, becoming a Wrangler and Tyson Medallist in the Mathematical Tripos. He got his Cambridge degrees in mathematics: B.A.(1960), Ph.D. (1963), M.A. (1964) and Sc.D. (1976), but specialized in astronomy and astrophysics. He distinguished himself at Cambridge with the Smith's Prize in 1962 and the Adams Prize in 1967. He later stayed on at Cambridge till 1972, as Fellow of King's College (1963-72) and Founder Staff Member of the Institute of Theoretical Astronomy (1966-72). During this period he laid the foundations of his research work in cosmology and astrophysics in collaboration with his mentor Fred Hoyle.

Narlikar returned to India to join the Tata Institute of Fundamental Research (1972-1989) where under his charge the Theoretical Astrophysics Group acquired international standing. In 1988 he was invited by the University Grants Commission as Founder Director to set up the proposed Inter-University Centre for Astronomy and Astrophysics (IUCAA). Under his direction IUCAA has acquired a world-wide reputation as a centre for excellence in teaching and research in astronomy and astrophysics. He retired from this position in 2003. He is now Emeritus Professor at IUCAA. In 2012 the Third World Academy of Sciences awarded him their prize for setting up a centre for excellence in science.

In 1966, Narlikar married Mangala Rajwade, a Ph.D. in mathematics. They have three daughters, Geeta, Girija and Leelavati, all of whom have opted for careers in science.

Narlikar is internationally known for his work in cosmology, in championing models alternative to the popularly believed big bang model. He was President of the Cosmology Commission of the International Astronomical Union from 1994 to 1997. His work has been on the frontiers of gravity and Mach's Principle, quantum cosmology and action at a distance physics. He has received several national and international awards and honorary doctorates. He is a Bhatnagar awardee, as well as recipient of the M.P. Birla award, the Prix Janssen of the French Astronomical Society and an Associate of the Royal Astronomical Society of London. He is Fellow of the three national science academies as well as of the Third World Academy of Sciences. Apart from his scientific research, Narlikar has been well known as a science communicator through his books, articles, and radio/TV programmes. For these efforts, he was honoured by the UNESCO in 1996 with the Kalinga Award.

Narlikar recently broke new grounds in space research. Since 1999 he has been heading an international team in pioneering experiments designed to sample air for microorganisms in the atmosphere at heights of up to 41 km. Biological studies of the samples collected in 2001 and 2005 led to the findings of live cells and bacteria, thus opening out the intriguing possibility that the Earth is being bombarded by microorganisms some of which might have seeded life itself here.

Narlikar was decorated Padmabhushan in 1965, at the young age of 26. In 2004 he was awarded Padmavibhushan. In 2011, the Government of the State of Maharashtra gave him the State's highest civilian honour of Maharashtra Bhushan.

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

//कार्यपरिषद में रखे जाने हेतु कार्यालयीन टीप//

विषयः- डॉ. आर.पी. दास, प्रोफेसर, प्रबंध संस्थान को धारणाधिकार स्वीकृति के संबंध में।

कुलाधिपति के प्रमुख सचिव, राजभवन, भुवनेश्वर के अधिसूचना क्रमांक UIII-17/2016/635/SG(HE) दिनांक 29.07.2016 के द्वारा डॉ. आर.पी. दास, प्रोफेसर, प्रबंध संस्थान, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को बरहमपुर विश्वविद्यालय, बरहमपुर (उड़िसा) का कुलपति नियुक्त किये जाने के फलस्वरूप इनके द्वारा प्रेषित आवेदन में दिनांक 02.08.2016 से धारणाधिकार की मांग की गई है।

आवेदनानुसार कुलपति के पद पर पदभार ग्रहण करने हेतु दिनांक 02.08.2016 से कार्यमुक्त किये जाने एवं दिनांक 02.08.2016 से प्रोफेसर पद पर 03 वर्ष का धारणाधिकार स्वीकृति के संबंध में प्रकरण कार्यपरिषद के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

कार्यपरिषद की बीसवीं बैठक दिनांक 06.06.2016 का पालन प्रतिवेदन

<table>
<tr><th>क्र.</th><th>विषय</th><th>निर्णय</th><th>पालन प्रतिवेदन</th></tr>
<tr><td></td><td></td><td colspan="2">कार्यपरिषद् की ओर से नवनियुक्त सदस्य डॉ. शैलेन्द्र सराफ एवं डॉ. अमरकांत पाण्डेय का कुलसचिव द्वारा गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया।
बैठक के प्रारंभ में कुलपति जी ने सभी सदस्यों को सूचित किया कि विश्वविद्यालय के 22वाँ दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पद्म विभूषण डॉ. जयन्त विष्णु नार्लीकर ने दिनांक 10.08.2016 को आने की सहमति प्रदान की है। सदस्यों ने सहमति एवं अनुमोदन प्रदान किया। इस दीक्षांत समारोह के लिए शेष कार्यवाही कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 08.01.2016 में हुए निर्णय अनुसार होंगे।

कुलपति जी ने यह भी अवगत कराया कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) के अंतर्गत देशभर के विश्वविद्यालय के रैंकिंग जारी की गई है, जिसमें हमारे विश्वविद्यालय को 61.09 अंकों के साथ 46वाँ स्थान प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार विश्वविद्यालय फार्मेसी संस्थान को 22वाँ रैंकिंग प्राप्त हुआ है। यह बड़े हर्ष की बात है कि विश्वविद्यालय ने अपने शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से यह उपलब्धि प्राप्त की है, जो सभी कार्यपरिषद् सदस्यों तथा विश्वविद्यालय से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी लोगों के सहयोग से संभव हो सका।

कुलपतिजी ने सभा को सूचित किया कि विश्वविद्यालय को Indian National Trust for Arts & Cultural Heritage (INTACH) की संस्थागत सदस्य (Institutional Membership) एवं Governing Council में स्थान प्राप्त हुआ। इससे विश्वविद्यालय को Extension activity आयोजित करने में सहायता मिलेगी।</td><td>22वाँ दीक्षांत समारोह संशोधित अधिसूचना क्र. 1596/अका./दीक्षांत/2016 दिनांक 28.06.2016 जारी किया गया।</td></tr>
<tr><td>01</td><td>विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की बैठक, दिनांक 26.03.2016 के कार्यवृत्त को सम्पुष्टि प्रदान करना।</td><td colspan="2">विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की बैठक, दिनांक 26.03.2016 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि निर्णय क्रमांक 14 एवं 15 में निम्नलिखित संशोधन के साथ की गई –
<table>
<tr><th>विषय क्र.</th><th>कार्यपरिषद् का निर्णय</th><th>संशोधन प्रस्ताव</th></tr>
<tr><td>14</td><td>पं. सुंदरलाल शर्मा ग्रंथागार के लिए बुक क्रय के लिए विभागीय क्रय समिति एवं केन्द्रीय क्रय समिति की अनुशंसा अनुसार अरविंद प्रकाशन, उदयपुर से उनके द्वारा प्रस्तावित अधिकतम छूट की दर पर क्रय करने का</td><td>पं. सुंदरलाल शर्मा ग्रंथागार के लिए बुक क्रय के लिए विभागीय क्रय समिति एवं केन्द्रीय क्रय समिति की अनुशंसा अनुसार
1. Indian Publication : Print Books अधिकतम छूट दर 34% पर Rishabh Books,</td></tr>
</table></td><td>निर्णयानुसार क्रय आदेश जारी की गई।</td></tr>
</table>

क्र.	विषय	निर्णय			पालन प्रतिवेदन
			अनुमोदन करते हुए भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की गई।	New Delhi 2. Foreign Publication; Print Books अधिकतम छूट दर 34.06% पर Arvind Prakashan , Udaipur से 3. CD/DVD Books: No discount दर पर 34.06% पर Arvind Prakashan, Udaipur से उनके द्वारा प्रस्तावित अधिकतम छूट की दर पर क्रय करने का अनुमोदन करते हुए भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई।	
		15	पं. सुंदरलाल शर्मा ग्रंथागार के लिए ई–बुक्स क्रय करने के संबंध में विभागीय क्रय समिति एवं केन्द्रीय क्रय समिति की अनुशंसा अनुसार ऑक्सफोर्ड ऑनलाइन बुक्स से उनके द्वारा प्रस्तावित अधिकतम छूट की दर पर क्रय करने का अनुमोदन करते हुए भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की गई।	पं. सुंदरलाल शर्मा ग्रंथागार के लिये ई बुक्स क्रय करने के संबंध में विभागीय क्रय समिति एवं केन्द्रीय क्रय समिति की अनुशंसा अनुसार Allied Publishers Subsciption Agency, Mumbai से उनके द्वारा प्रस्तावित अधिकतम छूट की दर पर क्रमशः 65% पर Oxford University Press online books एवं 10% पर Wiley online books क्रय करने का अनुमोदन करते हुए, भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई।	**Allied Publishers Subsciption Agency, Mumbai को 198 Oxford University Press online books को क्रय प्रक्रिया पूर्ण कर राशि रु. 7,65,232.00 का भुगतान किया गया।**
02	विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की बैठक, दिनांक 26.03.2016 की बैठक के कार्यवाही विवरण का पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण करना।	विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की बैठक, दिनांक 26.03.2016 की बैठक के कार्यवाही विवरण का पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण किया गया।			--
03	विश्वविद्यालय विद्यापरिषद् की बैठक दिनांक 18.05.2016 के कार्यवृत्त का अनुमोदन	विश्वविद्यालय विद्यापरिषद् की बैठक दिनांक 18.05.2016 के कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया।			**निर्णयानुसार कार्यवाही की जा रही है।**

क्र.	विषय	निर्णय	पालन प्रतिवेदन
	करना।		
04	दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग को भुगतान किये गए राशि रु. 1,95,92,180.00 (एक करोड़ पन्चानबे लाख ब्यानबे हजार एक सौ अस्सी रुपए) की कर सूचना ग्रहण करना।	दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग को भुगतान किये गए राशि रु. 1,95,92,180.00 (एक करोड़ पन्चानबे लाख ब्यानबे हजार एक सौ अस्सी रुपए) की कर सूचना ग्रहण करते हुये अनुमोदन किया गया।	**कार्यवाही की जा चुकी है।**
05	यूटीलिटी सेंटर भवन के पास ट्रांसफार्मर संस्थापन राशि रु. 11,31,214.00 (ग्यारह लाख इकत्तीस हजार दो सौ चौदह रुपए) के भुगतान का अनुमोदन करते हुए सूचना ग्रहण करना।	यूटीलिटी सेंटर भवन के पास ट्रांसफार्मर हेतु पृथक से राशि प्रदाय की, सूचना ग्रहण की। यह भी निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा परिसर में भूमि प्रदान की गई है, अतः उक्त हेतु छूट प्राप्त करने हेतु पत्र लिखा जावे।	**छ.ग. राज्य विद्युत वितरण कम्पनी में जमा राशि के परिपालन में 200 कि.व. क्षमता का ट्रांसफार्मर यूटीलिटी सेंटर के आवश्यकतानुसार स्थापन कर दिया गया है। छूट के संबंध में छ.ग. राज्य विद्युत वितरण कम्पनी कार्यपालन अभियंता एवं सहायक अभियंता द्वारा नियमानुसार ट्रांसफार्मर की आवश्यकता का जिक्र किया है।**
06	विश्वविद्यालयीन शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों को राज्य शासन के नियमानुसार शासन के अनुरूप 119 प्रतिशत के स्थान पर 125 प्रतिशत के दर से महंगाई भत्ता माह मई से भुगतान करने कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करना एवं एरियर्स की राशि रूपए 27,57,710/– (रूपए सत्ताईस लाख संतावन हजार सात सौ दस मात्र) के भुगतान की स्वीकृति प्रदान करने पर विचार करना।	विश्वविद्यालयीन शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों को राज्य शासन के नियमानुसार शासन के अनुरूप दिनांक 01.01.2016 से (माह जनवरी, 2016 का वेतन जो माह फरवरी 2016 में देय है) महंगाई भत्ता 119 प्रतिशत के स्थान पर 125 प्रतिशत की दर से भुगतान करने की कार्योत्तर स्वीकृति की गई एवं एरियर्स की राशि रूपए 27,57,710/– (रूपए सत्ताईस लाख संतावन हजार सात सौ दस मात्र) के भुगतान की स्वीकृति दी गई।	**विश्वविद्यालयीन शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों को महंगाई भत्ता 125 प्रतिशत एवं एरियर्स की राशि का भुगतान किया जा चुका है।**
07	विश्वविद्यालय विद्या संबंधी योजना एवं मूल्यांकन बोर्ड की बैठक दिनांक 24.05.2016 के कार्यवृत्त का अनुमोदन करना।	विश्वविद्यालय विद्या संबंधी योजना एवं मूल्यांकन बोर्ड की बैठक दिनांक 24.05.2016 के कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया। माननीय कुलपति जी ने शासन के पत्र के संदर्भ में सूचना दी एवं सूचित किया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा दिये गये पदों पर वचनबद्धता (Concurrence)/ सहमति	**निर्णयानुसार कार्यवाही की जा रही है।**

क्र.	विषय	निर्णय	पालन प्रतिवेदन
		देने में शासन ने असमर्थता व्यक्त की है। सदस्यों के द्वारा शासन को पुनः पत्र लिखकर सहमति प्राप्त करने हेतु सुझाव दिये।	
08	विश्वविद्यालय सेमेस्टर परीक्षा (स्नातकोत्तर), बी.एड्., एम.एड्., बी.पी.एड्. सेमेस्टर परीक्षा 2016 हेतु जारी अग्रिम राशि रूपए 12,55,000/– (रूपए बारह लाख पचपन हजार मात्र) के 58 परीक्षा केन्द्रों को भुगतान के अनुमोदन पर विचार करना।	विश्वविद्यालय सेमेस्टर परीक्षा (स्नातकोत्तर), बी.एड्., एम.एड्., बी.पी.एड्. सेमेस्टर परीक्षा 2016 हेतु जारी अग्रिम राशि रूपए 12,55,000/– (रूपए बारह लाख पचपन हजार मात्र) के 58 परीक्षा केन्द्रों को भुगतान करने की सूचना ग्रहण करते हुए अनुमोदन किया गया।	कार्यवाही की जा चुकी है।
09	NCNR प्रोजेक्ट के अंतर्गत डॉ. एम.एल. नायक सेवानिवृत्त प्राध्यापक बायोसाइंस अध्ययनशाला की सेवाएं, कन्सल्टेंट के रूप में सेवावृद्धि किये जाने के संबंध में विचार करना।	एन.सी.एन.आर. प्रोजेक्ट के अंतर्गत डॉ. एम.एल. नायक, भूतपूर्व प्राध्यापक, बायोसाइंस अध्ययनशाला की सेवाएं कंसल्टेंट के रूप में दिनांक 01.05.2016 से 30.04.2017 तक पूर्व निर्धारित शर्तों एवं मानदेय के अनुसार वृद्धि करने संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।	आदेश क्र. 598/NCNR/PRSU/ 2016 Date 21-06-2016 जारी किया गया है।
10	सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. बी. के. शर्मा गणित अध्ययनशाला के भविष्य निधि की राशि रूपए 16,67,785/– (रूपए सोलह लाख सढ़सठ हजार सात सौ पच्यासी मात्र) के भुगतान की सूचना ग्रहण करना।	सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. बी. के. शर्मा गणित अध्ययनशाला के भविष्य निधि की राशि रूपए 16,67,785/– (रूपए सोलह लाख सढ़सठ हजार सात सौ पच्यासी मात्र) के भुगतान किये जाने की सूचना ग्रहण करते हुए अनुमोदन किया गया।	कार्यवाही की जा चुकी है।
11	डॉ. अम्बर व्यास, असिस्टेंट प्रोफेसर, फार्मेसी संस्थान, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को अध्ययन अवकाश की स्वीकृति के संबंध में विचार करना।	डॉ. अम्बर व्यास, असिस्टेंट प्रोफेसर, फार्मेसी संस्थान, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग में रमन फेलोशीप हेतु चयन होने के फलस्वरूप छ.ग. सिविल सेवा अवकाश नियम 2010 के नियम 42 के अनुसार दिनांक 16.06.2016 से 10.02.2017 तक अध्ययन अवकाश की स्वीकृति दी गई।	आदेश क्र. 2767/स्था./सा.प्रशा. /2016 दिनांक 23.07.2016 जारी किया गया।
12	श्री नंद कुमार सिन्हा, सेवानिवृत्त पटवारी, की संविदा नियुक्ति की अवधि में वृद्धि किए जाने पर विचार करना ।	श्री नंद कुमार सिन्हा, सेवानिवृत्त पटवारी, की संविदा नियुक्ति की अवधि में दिनांक 25.04.2016 से आगामी 6 माह के लिए वृद्धि किए जाने की स्वीकृति दी गई।	नियुक्ति आदेश क्र. 2341/सा.प्रशा. /2016 दिनांक 22.06.2016 जारी किया गया।
13	सम्बद्ध महाविद्यालयों के 0.5 से कम परफार्मेंस इण्डेक्स प्राप्त 32 महाविद्यालयों के संबंध में विचार करना।	0.4 से कम Peformance Index वाले महाविद्यालय की प्राचार्यों की बैठक कर समीक्षा किया जाए। समीक्षा के पश्चात् सम्बद्धता की निरंतरता हेतु निर्णय लेने के लिए कुलपति को अधिकृत किया गया।	पालन प्रतिवेदन संलग्न है।

क्र.	विषय	निर्णय	पालन प्रतिवेदन
14	प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष (शिक्षा) पद के लिये चयन समिति की अनुशंसा का अनुमोदन करना।	निम्नलिखित महाविद्यालय में प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष (शिक्षा) पद के लिए चयन समिति की अनुशंसानुसार उनके नाम के सम्मुख दर्शाए गए व्यक्तियों के नाम का अनुमोदन किया गया :	
		स.क. / महाविद्यालय का नाम / चयनित व्यक्ति का नाम	
		प्राचार्य	
		1. सांदिपनी एकेडमी ग्राम अछोटी, पो. –मुरमुंदा, व्हाया–धमधा, जिला–दुर्ग — डॉ. नाजिया अबिब खान	पत्र क्र. 1760/अका./अनुमोदन/2016 दिनांक 18.07.2016 जारी कर सूचित किया गया।
		2. भिलाई कालेज ऑफ इंफर्मेशन टेक्नालॉजी, जामुल, भिलाई, जिला–दुर्ग — डॉ. घनश्याम तिवारी	पत्र क्र. 1762/अका./अनुमोदन/2016 दिनांक 18.07.2016 जारी कर सूचित किया गया।
		विभागाध्यक्ष (शिक्षा) –	
		1. दिशा कॉलेज ऑफ मैनेजमैंट स्टडिज़, रायपुर छ.ग. — डॉ. पूनम निकुंभ	पत्र क्र. 1758/अका./अनुमोदन/2016 दिनांक 18.07.2016 जारी कर सूचित किया गया।
		2. स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय, आमदी नगर, हुडको, भिलाई, जिला–दुर्ग — डॉ. नाजिया अबिब खान	पत्र क्र. 1764/अका./अनुमोदन/2016 दिनांक 18.07.2016 जारी कर सूचित किया गया।
		उपरोक्त अनुमोदन के फलस्वरूप संबंधित महाविद्यालयों के लिए प्राचार्य/विभागाध्यक्ष के पद के लिए अनुशंसित व्यक्तियों के न्यूनतम योग्यता पूरा करने के संदर्भ में बायोडाटा का परीक्षण करने के पश्चात् पत्र जारी किया जावे।	
		पूरक विषय सूची	
1	विश्वविद्यालय रेगुलेशन 169 की कंडिका 8 के अनुसार Jain Study Chair के लिये Chair Person की नियुक्ति हेतु एक प्रतिष्ठीत (Eminent) सदस्य का मनोनयन कार्यपरिषद् के द्वारा किया जाना है विचारार्थ प्रस्तुत।	विश्वविद्यालय रेगुलेशन 169 की कंडिका 8 के अनुसार Jain Study Chair के लिये Chair Person की नियुक्ति हेतु एक प्रतिष्ठीत (Eminent) सदस्य का मनोनयन के संबंध में प्रकरण आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाय।	कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 30.07.2016 में विचारार्थ प्रस्तुत है।
2	मध्यजोन एवं राष्ट्रीय स्तर पर	मध्यजोन एवं राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालयीन युवा उत्सव के प्रतिभागियों को	कार्यवाही की जा चुकी है।

क्र.	विषय	निर्णय	पालन प्रतिवेदन
	विश्वविद्यालयीन युवा उत्सव के प्रतिभागियों को यात्रा एवं दैनिक भत्ता वृद्धि किये जाने पर विचार करना।	यात्रा एवं दैनिक भत्ता रु. 200/– प्रतिदिन एवं कोच मैनेजर को रु. 250/– प्रतिदिन प्रदान करने की स्वीकृति दी गई।	
3	भवन निर्माण समिति की बैठक दिनांक 28.05.2016 के कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार करना।	भवन निर्माण समिति की बैठक दिनांक 28.05.2016 के कार्यवृत्त के अनुमोदन किया गया।	भवन निर्माण समिति की बैठक दिनांक 28.05.2016 में हुए निर्णयों पर यांत्रिकी शाखा द्वारा कार्यवाही कर दी गई है। लोक निर्माण विभाग को स्वीकृत कार्यों हेतु प्रशासनिक स्वीकृति हेतु पत्र प्रेषित कर दी गई है। डिपाजिट वर्क के अंतर्गत कार्य प्रारम्भ करने प्राक्कलन राशि की 33 प्रतिशत राशि के भुगतान हेतु वित्त विभाग में प्रेषित कर दी गई है। 33 प्रतिशत राशि का भुगतान किया जाना शेष है।
4	विश्वविद्यालयीन कर्मचारियों (शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों) को व्यक्तिगत ऋण की सुविधा प्रदान किए जाने के संबंध में विनियम क्र. 156 में प्रावधान किये जाने के संबंध में विचार करना।	कुलपति सहायता निधि से संबंधित विनियम क्र. 156 की कंडिका 10 के बाद निम्नांकित प्रस्तावित प्रावधान का अनुमोदन किया गया – 11. The Personal Loan facility will be provided from "Kulpati Sahayata Nidhi" to University Employees (Teachers/Officers/Employees) as per previous rules/conditions.	अधिसूचना जारी की जा चुकी है।
5	क्रीड़ा समिति की बैठक दिनांक 21.04.2016 के कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार करना।	क्रीड़ा समिति की बैठक दिनांक 21.04.2016 के कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया।	निर्णयानुसार कार्यवाही की जा रही है।
6	विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 04.06.2016 के कार्यवृत्त को अनुमोदन प्रदान करना।	विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 04.06.2016 के कार्यवृत्त को अनुमोदन किया गया।	निर्णयानुसार कार्यवाही की जा रही है।
7	विश्वविद्यालय परिसर व भवनों के साफ–सफाई व्यवस्था के संबंध में की गई कार्यवाही की सूचना ग्रहण करना।	विश्वविद्यालय परिसर व भवनों के साफ–सफाई व्यवस्था के संबंध में की विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा निविदा के आधार पर DPC/CPC की अनुशंसा पर न्यूभारत सिक्यूरिटी डिटेक्टीव सर्विसेस, शॉप नं. 140, बस स्टैण्ड के पास, गणेश पेट नागपुर को उनके द्वारा प्रस्तावित दर पर 1 वर्ष के लिए किये गये अनुबंध की सूचना ग्रहण करते हुए अनुमोदन किया गया।	पत्र क्र. 173/विकास/सफाई कार्य/ 2016 दिनांक 31.05.2016 के द्वारा कार्यादेश जारी किया गया।
8	विश्वविद्यालय परिसर व भवनों के सुरक्षा	(i) मेसर्स इंडियन सिक्यूरिटी फोर्स, शॉप नं. k-/264 सुभाष मार्केट भिलाई,	पत्र क्र. 201/विकास/सु.व्यव./

क्र.	विषय	निर्णय	पालन प्रतिवेदन
	व्यवस्था के संबंध में विभागीय क्रय समिति एवं केन्द्रीय क्रय समिति के द्वारा की गई अनुशंसा के अनुमोदन पर विचार करना।	जिला–दुर्ग (छ.ग.) से वैकल्पिक व्यवस्था के तहत दिनांक 01.05.2016 से 30.06.2016 तक (दो माह) विश्वविद्यालय परिसर एवं भवनों का कार्य लिया जा रहा है के संबंध में स्वीकृति के साथ दिनांक 01.07.2016 से समाप्त किये जाने की सूचना ग्रहण करते हुए अनुमोदन किया गया। (ii) विश्वविद्यालय परिसर व भवनों के सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में विभागीय क्रय समिति एवं केन्द्रीय क्रय समिति के द्वारा की गई अनुशंसा के अनुसार न्यूभारत सिक्यूरिटी डिटेक्टीव सर्विसेस, नागपुर को उनके द्वारा प्रस्तावित दर पर 1 वर्ष दिनांक 01.07.2016 से 30.06.2017 तक के लिए अनुबंध करने की स्वीकृति प्रदान की गई।	2016 दिनांक 29.06.2016 के द्वारा कार्यादेश जारी किया गया।
9	अपोलो कॉलेज, शासकीय वेटरीनरी कालेज के सामने, अंजोरा, दुर्ग में प्राचार्य पद के लिये चयन समिति की अनुशंसा का अनुमोदन करना।	अपोलो कॉलेज, अंजोरा, दुर्ग में प्राचार्य पद पर चयन समिति की अनुशंसा अनुसार डॉ. (श्रीमती) अनघा अगासे के नाम का अनुमोदन किया गया।	पत्र क्र. 1569/अका./अनुमोदन/2016 दिनांक 25.06.2016 जारी कर सूचित किया गया।
10	श्री जानकी प्रसाद शर्मा (बर्खास्त), निम्न वर्ग लिपिक द्वारा प्रस्तुत अपील दिनांक 27.02.2015 पर कार्यपरिषद् के द्वारा गठित उप समिति के द्वारा सुनवाई के उपरांत प्रस्तुत अनुशंसा पर विचार करना।	संबंधित अवधि में परिक्षार्थियों की संख्या, आवेदन पत्रों से प्राप्त शुल्क एवं आवेदन प्रपत्रों के विक्रय संख्या के Reconciliation के साथ आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाय।	निर्णयानुसार कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 30.07.2016 प्रकरण प्रस्तुत है।
		अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रकरण :	
1		1. कुलपति जी द्वारा संचालक, महाविद्यालय विकास परिषद् (DCDC) के पद पर नियमित नियुक्ति होने में अपरिहार्य कारणों से विलंब होने की जानकारी देते हुए अवगत् कराया गया कि सभी महाविद्यालयों का नियमित निरीक्षण एवं सतत् संपर्क बनाने हेतु कार्यालयीन अवधि में पूरे समय पर संचालक, महाविद्यालय विकास परिषद् (DCDC) की उपलब्धता आवश्यक है। वर्तमान में प्रभारी के रुप में कार्यरत् डॉ. आर. पी. दास द्वारा अध्ययन–अध्यापन एवं रिसर्च कार्य के साथ DCDC के कार्य भी देख रहे हैं। विश्वविद्यालय में अपनी सेवा देने हेतु डॉ. अंजनी कुमार शुक्ल सेवानिवृत्त प्राचार्य का आवेदन प्राप्त हुआ है। चूँकि नियमित नियुक्ति होने में विलंब हो सकता है तथा कालेजों से/UGC से सतत् संपर्क बनाए रखना आवश्यक है। अतः कार्यपरिषद् के समक्ष उनके द्वारा दिये गये आवेदन प्रस्तुत है।	आदेश क्र. 2440/स्था./सा.प्रशा./2016 दिनांक 29.06.2016 जारी किया गया।

क्र.	विषय	निर्णय	पालन प्रतिवेदन
		सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि डॉ. अंजनी कुमार शुक्ल सेवानिवृत्त प्राचार्य को उनकी उच्च शिक्षा में दीर्घ सेवाकाल को ध्यान में रखकर उनके पूर्व में धारित पद के अनुरूप DCDC के पद पर संविदा में शासन के नियमानुसार 1 वर्ष अथवा नियमित नियुक्ति होने तक, जो पहले हो, तक किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।	
		2. विश्वविद्यालय परिसर के यूटीलिटी सेन्टर में इंडियन कॉफी हाऊस खोले जाने की सूचना ग्रहण करते हुए अनुमोदन किया गया।	**संबंधित फर्म से एग्रीमेंट हो चुका है। काफी हाऊस प्रारंभ करने की तैयारी चल रही है।**
		3. विश्वविद्यालय परिसर में अमूल पार्लर प्रारंभ किये जाने की सूचना ग्रहण करते हुए अनुमोदन किया गया।	**संबंधित फर्म से एग्रीमेंट हो चुका है। अमूल पार्लर प्रारंभ करने की तैयारी चल रही है।**
		4. कार्यपरिषद् सदस्य श्री नरेशचंद्र गुप्ता द्वारा बी.कॉम.एलएल.बी. प्रारंभ करने संबंधी प्रस्ताव पर निर्णय लिया गया कि इसका विस्तृत प्रस्ताव बनाकर उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन को स्वीकृति हेतु भेजी जावे।	**प्रस्ताव भेजना शेष है।**
		5. Super Market के संदर्भ में सूचना एवं कार्यप्रगति की जानकारी दी गई।	**प्रक्रियाधीन है।**

कुलसचिव

1768/DCDC/16
22/07/2016

विषयः— पालन प्रतिवेदन।

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 06.06.2016 में विभाग के सम्मुख दर्शाये बिन्दु पर कार्यपरषिद् द्वारा लिए गए निर्णय कार्यवृत कमांक 1495/अका./का.प./2016 दिनांक 14.06.2016 के परिपालन में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से सम्बद्ध 11 महाविद्यालयों (21 महाविद्यालय विभाजन उपरांत दुर्ग विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हो गए है।) को कुलपति कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक दिनांक 09.06.2016 में कुलपति जी द्वारा निर्देशित किया गया कि— 15 जुलाई 2016 के पूर्व महाविद्यालय में पायी गयी कमियों को पूरा करें अन्यथा सत्र 2016—17 में महाविद्यालय में संचालित पाठ्यकम के प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रतिबंधित किया जाएगा।

तत्सम्बध में महाविद्यालयों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं स्वआंकलित परफार्मेंस इण्डेक्स प्रोफार्मा को महाविद्यालय प्रतिनिधि की उपस्थिति में कुलसचिव जी द्वारा पूर्व में वि.वि. अधिसूचना कमांक 3110/DCDC/15 रायपुर, दिनांक 04.012.2015 द्वारा गठित समिति से पुनर्मूल्यांकन कराए जाने का निर्देश प्राप्त हुआ।

डॉ. रीता वेणुगोपाल, समन्वयक एवं समिति के सदस्यों के द्वारा निम्नलिखित महाविद्यालयों के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों का परीक्षण करते हुए पुनर्मूल्यांकन कर उन्हें अंक प्रदान किया गया :—

Pt. Ravishankar Shukla University Raipur

Performance Index of 11 Colleges After RE-Inspection

As on 22-07-2016

S.No.	Name of College	Course Offered	Prev. PI	Final Performance Index after Re-Inspection
1	**Shiksha Snatak Mahavidyalaya, Mandhar, Dist-Raipur (CG) 2003-04**	**B.A.** - F.C., Political Sc. Economics, Sociology, History, Hindi Litt.(100) **B.Com.**- (60 Seat) Compulsory Sub.& Com.Apl. **D.C.A.** (25Seat) **B.A.**-(40 Seat) Add.Sub. Geography, **P.G.D.C.A.** - 30 (20+10)	0.36	0.53
2	**Comp-Tech College , Dhamtari (CG) 2002-03**	**B.Sc. I, II** - F.C., Physics, Maths, **B.Sc.**- Inform. Tech.(40) **B.Com** - All Sub. (60) Comp. Appli. (40) **BCA-** (30) **PGDCA** (30)	0.34	0.50
3	**Om Shri Sainath Mahavidyalaya Parastarai Dharsiwa, Raipur (CG) 1998-99**	**B.A.** - F.C., Hindi Litt. Economics, History, Political Sc., Geography, Sociology.**B.Com. B.A. - I - A.I.H.**	0.25	0.45
4	**Pairi Ganga College, Mainpur Dist-Raipur (CG) 2003-04**	**B.A.** - F.C., Sociology, Political Science, Geog. (100) **B.Com.** - with Comp.Appl.(50) **D.C.A. (40) B.A.-I,II** - Hindi Litt.(100) **P.G.D.C.A.** (30)	ab	0.45
5	**Abhyudaya College, Chandkhuri, Raipur (CG) (2012-13)**	**D.C.A.** -30 Seats (2013) **B.C.A.** -I -30 Seats(2013) **B.Com.** -I- 60 Seats (2013) **P.G.D.C.A.** -30 Seats (2013)	0.24	0.44
6	**Chhattisgarh Mahtari College Bhakhara, Dhamtari (CG) 1998-99**	**B.A.** - F.C., Hindi, Economics, Political Sc., Geography, History. Sociology **B.Com. B.Sc. -** Bio. Group (50) & Maths Group. (50)	0.37	0.43
7	**Udanti College Devbhog, Dist-Gariyaband (CG) (2003-04)**	**B.A.**- F.C., Political Sc. Sociology, History Geography. - **(100) B.Com** - All Comp. Sub. .- **(100) B.A.**- Hindi Litt-(60)	ab	0.42

8	**Gurukul Mahavidyalaya, Magarlod, Dist-Dhamtari (CG) 2002-03**	**B.Com. - (Seat-60) B.A. - (Seat-60)** (F.C.-Hindi & English, Geography, Sociology, History) **B.Sc. - (Seat-60)** (F.C.-Hindi & English, Chemistry, Botany, Zoology,)	**0.25**	**0.41**
9	**Arts College, G jamgaon Dist-Dhamtari (CG) 2003-04**	**B.A.**- F.C., Hindi Litt., Political Sc., Economics.(50)	**0.31**	**0.33**
10	**Pragya Arts & Commerce College, Dhamtari (CG) 2002-03**	**B.A. -** F.C., Geog., Political Sc., Economics, Hindi Litt., Sociology. **B.Com.**	**ab**	**0.23**
11	**Nanakchand Ramesh Agrawal Arts & Commerce College Kharora (CG) 1998-99**	**B.A.** - F.C., Economics, Sociology, History, Political Sc., **B.Com.**	**0.32**	दस्तावेज निरीक्षण हेतु आज दिनांक तक अप्राप्त

उपरोक्त प्राप्त अंको के आधार पर 08 ऐसे महाविद्यालय जिनका अंक 0.40 न्यूनतम निर्धारित अंक से अधिक है उनको मान. कुलपति जी के निर्देशानुसार अंकों में उन्नयन एवं महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने हेतु अनुमति प्रदान करने संबंधी पत्र प्रेषित किया गया है। इसी अनुक्रम में 02 महाविद्यालय जिनका अंक न्यूनतम निर्धारित अंक से कम है उन्हें भी पत्र के माध्यम से अंकों की जानकारी प्रेषित किया जा चुका है। (महाविद्यालयो को प्रेषित पत्रों की प्रति संलग्न)

नानकचंद रमेश अग्रवाल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय खरोरा को स्मरण पत्र के माध्यम से सूचित किया गया है। किन्तु उनके द्वारा आज दिनांक तक भी दस्तावेज निरीक्षण हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया है।

मान. कार्यपरिषद् के समक्ष अवलोकनार्थ एवं आगामी आदेशार्थ प्रस्तुत।

22/7/14

DIRECTOR,
College Development Council,
Pt. Ravishankar Shukla University,
RAIPUR. (C.G.)